सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 184 इंदौर, शनिवार 18 जनवरी, 2025 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## भारतीय रेलवे को मध्य प्रदेश से 170 मेगावाट सोलर ऊर्जा मिलेगी

### सीएम ने रेल मंत्री से की मुलाकात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य भेंट की, जिसमें दोनों नेताओं के बीच सोलर ऊर्जा की आपूर्ति पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में तय हुआ कि भारतीय रेलवे को मध्य प्रदेश से 170 मेगावाट सोलर ऊर्जा प्राप्त होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर बताया कि भारतीय रेलवे, मध्य प्रदेश से 170 मेगावाट सोलर ऊर्जा प्राप्त करेगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ सोलर ऊर्जा की आवश्यकताओं पर गहन चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि मध्य प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में रेल मंत्री का मार्गदर्शन और भारतीय रेल की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश में उत्पन्न सौर ऊर्जा का उपयोग राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मध्य प्रदेश सरकार का यह कदम सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका को और सशक्त बनाएगा, और भारतीय रेलवे के ऊर्जा संसाधनों को स्थायी रूप से मजबूत करेगा।

## 31 जनवरी से केंद्रीय बजट सत्र की शुरुआत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट सत्र 2025, 31 जनवरी से शुरू हो रहा है, जो 4 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बार आपना आठवां बजट पेश करने वाली हैं. परंपरा के मुताबिक, बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से होगी. इसी के बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 31 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी. केंद्रीय बजट 2025-26 1 फरवरी, 2025 को लोकसभा में पेश किया जाएगा.' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने आठवें बजट पेश करने के दौरान कुछ बड़े ऐलान कर सकती हैं.

### क्या है स्वामित्व योजना

# मप्र के 15 लाख हितग्राहियों को आज मिलेगा कार्ड

## वर्चुअली जुड़ेंगे पीएम मोदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के 15 लाख 63 हजार से ज़्यादा लोगों को स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड देंगे। यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए होगा। पीएम मोदी लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव सिवनी में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। हर ज़िले में इस योजना के बारे में जानकारी देने वाले कार्यक्रम भी होंगे।**

### कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे मंत्री से लेकर सासंद-विधायक

पीएम मोदी लाभार्थियों से बात भी करेंगे और उनकी समस्याएं समझेंगे। इस योजना से ग्रामीण इलाकों के लोगों को बहुत फायदा होगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव सिवनी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। सभी ज़िलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें केंद्रीय मंत्री, राज्य के मंत्री, सांसद और विधायक हिस्सा लेंगे।

### स्वामित्व योजना क्या है?

यह योजना गांवों में रहने वाले लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक़ देती है। इससे उन्हें अपनी जमीन का कानूनी दस्तावेज मिल जाता है। इस दस्तावेज को 'संपत्ति कार्ड' कहते हैं। इस कार्ड के जरिए वे बैंक से कर्ज ले सकते हैं, जमीन गिरवी रख सकते हैं और बेच भी सकते हैं। पहले गांवों में जमीन के मालिकाना हक़ को लेकर बहुत झगड़े होते थे। इस योजना से ऐसे झगड़ों में कमी आएगी। लोगों को अपनी जमीन का सही मालिक होने का सबूत मिल जाएगा।




### मध्य प्रदेश में हो चुका है काफी काम

मध्य प्रदेश में इस योजना के तहत अब तक काफ़ी काम हो चुका है। लगभग 45.60 लाख संपत्तियों का सर्वेक्षण होना था। इनमें से 39.63 लाख संपत्तियों का सर्वेक्षण पूरा हो गया है। यह लगभग 88 प्रतिशत है। अब तक 24 लाख लोगों को संपत्ति कार्ड दिए जा चुके हैं। इस योजना से गांवों का विकास होगा और लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम सिवनी में होगा, जहां मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। सभी ज़िलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी होंगे। इन कार्यक्रमों में लोगों को स्वामित्व योजना और 'मेरी पंचायत' ऐप के बारे में बताया जाएगा।

# स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों में नवाचार से होगा काम

## इंदौर आठवीं बार भी नंबर वन बनने को तैयार- मेयर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर इंदौर स्मार्ट सिटी में समीक्षा बैठक ली है। बैठक में स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, अपर कमिश्नर अभिलाष मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर शैलेष अवस्थी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय व अन्य उपस्थित थे।**

मेयर कहा कि इंदौर एक बार फिर देश में स्वच्छता का परचम लहराने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर ने कई नवाचारों को अपनाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन का लक्ष्य



रखा है। इंदौर नगर निगम द्वारा इस वर्ष के सर्वेक्षण की तैयारियों में विशेष योजनाएं बनाई गई हैं। इनमें सरप्राइज विजिट और वार्डों के बीच प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इस वर्ष स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्डों और पार्षदों को सम्मानित करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। हालांकि परीक्षा कब होगी, यह पहले से नहीं बताया जाएगा, ताकि सभी तैयार रहें। यह प्रयास पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पहले ही 550 टीपीडी प्लांट को 800 टीपीडी में बदलने की घोषणा कर चुके हैं। इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।

इसके साथ ही स्मार्ट पायलट, सुंदर बैक लाइन, आत्मनिर्भर इंदौर और अन्य योजनाओं पर काम किया जा रहा है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस बार छात्रों के लिए विशेष स्वच्छता परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। यह प्रयास उन छात्रों को प्रेरित करेगा जो यहां पढ़ाई और नौकरी की तैयारी के लिए आते हैं। सुबह और शाम की स्वच्छता मॉनिटरिंग के लिए भी विशेष योजना बनाई गई है। टीम नियमित रूप से इन मॉनिटरिंग अभियानों का संचालन करेगी। इंदौर शहर हर बार की तरह इस बार भी अपनी तैयारी में जुटा हुआ है। नगर निगम और इंदौर की जनता का दृढ़ संकल्प है कि स्वच्छता में आठवीं बार नंबर वन का खिताब हासिल किया जाए। मेयर ने कहा कि इंदौर की इस सफलता में हर नागरिक का सहयोग आवश्यक है। सभी से आग्रह है कि स्वच्छता के इस मिशन में सक्रिय भागीदारी निभाएं और शहर को फिर से स्वच्छता में नंबर वन बनाएं।

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां प्रारंभ

# विभिन्न शासकीय विभाग निकालेंगे 13 से अधिक नयनाभिराम झांकियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का समारोह पूर्ण उत्साह के साथ गरिमापूर्वक मनाया जाएगा। मुख्य समारोह 26 जनवरी को नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। समारोह आयोजन की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में एआईसीटीएसएल के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।



बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह, जिला पंचायत के सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि सभी तैयारियां गणतंत्र दिवस की गरिमा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में की जाए। सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण गंभीरता के साथ पूरा करें। आयोजन में किसी भी तरह की कोर कसर नहीं रखी जाए। उन्होंने आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये विभागवार दायित्व सौंपे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विभाग सौंपे गये कार्यों को पूर्ण गंभीरता के साथ करें। समारोह आयोजन की सभी तैयारियां राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप हो। बैठक में बताया गया कि मुख्य समारोह में विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड प्रस्तुत की जायेगी। राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर आधारित 13 से अधिक नयनाभिराम झाँकियां भी विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेंगी। जिला पंचायत, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, उद्योग, जेल, महिला बाल विकास, आदिम जाति कल्याण, सामाजिक न्याय, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानिकी आदि विभागों द्वारा नयनाभिराम झाँकियां निकाली जायेंगी। समारोह स्थल पर आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी। स्वतंत्रता सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे। समारोह में विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे।

## सामाजिक संस्था "आदित्य" द्वारा महामंडलेश्वर दादू महाराज का स्वागत कर किया सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम में शुक्रवार से तीन दिवसीय 14 वॉं स्थापना महोत्सव प्रारंभ हुआ,जिसमें दादू महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें हजारों भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर माहौल को धर्ममय कर दिया।इस अवसर पर संस्था 'आदित्य'के संयोजक सचिन नीमा ने महाराजश्री का पुष्पमालाओं व केशरिया उपरना पहना कर सम्मानित किया व जन्मदिन की बधाई दी इस अवसर पर नगर की कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने भी महाराज श्री का स्वागत किया व बधाई दी।इस अवसर पर उमेश पांडे,सुरेश वर्मा,दीपक शर्मा,मनोज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

इंदौर में दिनभर कोहरा

## 18 घंटे लेट आई फ्लाइट, यात्रियों ने किया हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर समेत मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों में इन दिनों बर्फीली हवाओं के कारण ठिठुरन और कोहरे का माहौल बना हुआ है। भोपाल और इंदौर समेत राज्य के अधिकतर जिलों में शुक्रवार को कोहरा छाया रहा, और दिनभर तेज सर्द हवाओं का दौर जारी रहा। इस वजह से तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के 18 जिलों में कोल्ड डे घोषित किया गया, जबकि रायसेन सबसे ठंडा स्थान रहा जहां दिन का अधिकतम तापमान मात्र 18.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कोहरे के कारण फ्लाइट भी लेट हुई और यात्री परेशान हुए।

### शुक्रवार को तापमान के हाल

1. भोपाल में अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम 10.4 डिग्री
2. इंदौर में अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री और न्यूनतम 12.6 डिग्री



### 18 जनवरी से और बढ़ेगी ठंड

बड़े शहरों में भी ठंड का असर साफ नजर आया। सर्दी का यह असर इतना गहरा रहा कि दतिया में दो बुजुर्गों की मौत हो गई। ठंड के कारण उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्थानीय आरएमओ डॉ. डीएस तोमर ने बताया कि दोनों बुजुर्ग पहले से ही शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से पीड़ित थे। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने 18 जनवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने की संभावना जताई है, जो उत्तर-पश्चिमी भारत और हिमालयी क्षेत्र में बर्फीली हवाओं को तेज करेगा। इसका असर मध्यप्रदेश पर भी पड़ेगा और ठिठुरन और बढ़ सकती है।

### इंदौर कोलकाता फ्लाइट 18 घंटे लेट आई, यात्रियों ने किया हंगामा

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पर कोलकाता से कल रात को आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की कोलकाता फ्लाइट आज 18 घंटे लेट इंदौर एयरपोर्ट पर लैंड हुई है। बताया जा रहा है कि यह फ्लाइट कल इंदौर एयरपोर्ट पर आ गई थी लेकिन इंदौर में कोहरा ज्यादा होने की वजह से इसे अहमदाबाद डायवर्ट कर दिया गया था। बाद में मौसम ठीक होने पर कंपनी के पास पायलट की व्यवस्था नहीं हो पाई थी। जिस वजह से यह फ्लाइट 18 घंटे लेट इंदौर एयरपोर्ट पर पहुंची।

## महाकुंभ में माला बेचने वाली मोनालिसा ने इंटरनेट पर अपनी नेचुरल ब्यूटी से मचा दिया धमाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पहले मध्यप्रदेश की हर्षा रिछारिया ने अपनी खूबसूरती से सबका ध्यान खींच लिया था। अब मध्यप्रदेश की एक और लड़की ने इंटरनेट पर अपनी नेचुरल ब्यूटी से बबाल मचा दिया।**

महाकुंभ मेले में माला बेचने वाली लड़की की सुंदरता के चर्चे हर किसी की जबान पर है। दरअसल इंदौर की मोनालिसा कुंभ मेले में रुद्राक्ष की माला बेचती है। इनकी सादगी भरी सुंदरता और कत्थई आंखों ने हर किसी को अपना दीवाना बना दिया है। सोशल मीडिया पर लोग बॉलीवुड की खूबसूरत हसीनाओं से मोनालिसा की तुलना कर रहे हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही कत्थई आंखों




वाली खूबसूरत लड़की मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर की रहने वाली है। इनका नाम मोनालिसा बताया जा रहा है। ये विभिन्न धार्मिक स्थलों पर रुद्राक्ष और मोतियों की माला बेचती है। महाकुंभ मेले में भी मोनालिसा माला बेचने के उद्देश्य से ही गई थी, लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि उनकी सुंदरता इंटरनेट पर बबाल मचा देगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर इंदौर की मोनालिसा सेंसेशन बनी हुई हैं। महाकुंभ में आए कई श्रद्धालुओं ने मोनालिसा की सादगी भरी खूबसूरती को इंटरनेट पर वायरल कर दिया है। वायरल पोस्ट पर लोग भर-भरकर प्यार लुटा रहे हैं। मोनालिसा की सुंदरता से लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ ला दी है। कुंभ मेले में हजारों लोग मोनालिसा का वीडियो बना रहे हैं और उनके साथ ली गई अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहें हैं।

## कलेक्टर आशीष सिंह ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों का जायजा लिया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियां जारी हैं। इसी सिलसिले में आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
I AM NOT
a Lover but will support you.
a Friend but will guide you.
a Lawyer but will assist you in getting justice.
a Police but will help you in finding an evidences.
an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
a Teacher but will suggest you a right direction.
a Doctor but will cure your problems.
a Driver but will take you to correct destination.
WHO AM I?
I AM THE DETECTIVE !
Helping Secretly & Securely...
WWW.DETECTIVEGROUP.IN
Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

# बर्फीली हवाओं से बढ़ी सर्दी, आज कई जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट, आधे मध्यप्रदेश में कोहरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रही है 2 दिन हुई हल्की बारिश के बाद अब बर्फीली हवाओं से प्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई है। एक दिन पहले प्रदेश के 18 जिलों में कोल्ड डे रहा। शनिवार को भोपाल, सागर समेत 7 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट है। प्रदेश के आधे हिस्से में सुबह मध्यम से घना कोहरा रहा।**



और बढ़ेगी प्रदेश में ठंड

प्रदेश में उत्तरी हवा आ रही है। इससे ठिठुरन बढ़ गई है और तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, कड़ाके की ठंड का असर अब और भी बढ़ेगा क्योंकि बर्फीली हवा की रफ्तार बढ़ेगी। अगले 3 दिन प्रदेश में कोहरा छाया रहेगा। शुक्रवार को जेट स्ट्रीम हवा 287 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलती रही। हवा चलने और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) ने ठंड का असर बढ़ाया है। मौसम विभाग ने पूरे जनवरी महीने में तेज सर्दी पड़ने की संभावना भी जताई है।

**अगले 2 दिन ऐसा रहेगा मौसम- 19 जनवरीः** ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा रहेगा। **20 जनवरीः** ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और सागर में कोहरा रहेगा।

मध्य प्रदेश में आ रही बर्फीली हवाओं से दिन के तापमान में काफी गिरावट देखी गई।शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के 18 शहरों में कोल्ड-डे जैसी स्थिति रही। भोपाल में 19 डिग्री, इंदौर में 21.2 डिग्री, ग्वालियर में 20.3 डिग्री, उज्जैन में 20.5 डिग्री, जबलपुर में 20.8 डिग्री तापमान रहा। सबसे ठंडा रायसेन रहा। यहां दिन का तापमान 18.8 डिग्री दर्ज किया गया। इसी प्रकार शिवपुरी में 19.2 डिग्री, नौगांव में 20.5 डिग्री, रीवा में 20.6 डिग्री, दमोह में 20.8 डिग्री, गुना में 20.6 डिग्री, टीकमगढ़ में 21 डिग्री, धार-सागर में 21.4 डिग्री, सीधी में 21.8 डिग्री, खजुराहो में 22.2 डिग्री, पचमढ़ी में 22.6 डिग्री और सतना में 22.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इससे पहले सुबह प्रदेश के आधे हिस्से में कोहरा छाया रहा।

# सौरभ शर्मा को जान का खतरा, मांगी सुरक्षा, एमपी सरकार को लिखा पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा मामले में बड़ी अपडेट सामने आई है। शुक्रवार की सुबह ईडी ने ग्वालियर और भोपाल में स्थित सौरभ से संबंधित लोगों के यहाँ छापा मारा। पूर्व आरटीओ आरक्षक अभी भी ईडी की गिरफ्तार से बाहर हैं। अब सौरभ के वकील का बयान सामने आया है। उन्होंनें सौरभ के लिए सुरक्षा मांगी है। मध्यप्रदेश सरकार को पत्र भी लिखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि, "पकड़ा गया सोना, कैश अकूत संपत्ति राजनेता और ब्यूरोक्रेट्स की है।"**



वकील ने कहा, "यह भ्रष्टाचार नेताओं का है और काफी पुराना है। एक कांस्टेबल तौर पर सिर्फ 7 साल की नौकरी में इतनी संपत्ति और सोना एकत्रित करना संभव नहीं है। वह एक वसूली नाके पर खड़ा होकर इतनी संपत्ति नहीं बना सकता है। यह एक सोची-समझी साजिश है। पुराने राजनेता और ब्यूरोक्रेट्स ने उन्हें आसान टारगेट बनाया। और सारा इल्जाम उनके सिर पर डाल दिया गया।" वकील ने यह भी कहा कि, "सौरभ और अन्य आरोपियों की जान को खतरा है। यह केस बहुत बड़ा है। इन लोगों को सभी के सामने बड़ा अपराधी दिखाया जा रहा है, बल्कि ऐसा नहीं है। यह मामला हाई प्रोफाइल है, छोटे लोगों पर इल्जाम थोपा जा रहा है। सौरभ और उनके पार्टनर या दोस्त निर्दोष हैं। उन्हें बस मोहरा बनाया जा रहा है। इसलिए इन्हें सुरक्षा मिलनी चाहिए।" आगे कहा, "लोकायुक्त प्रेस कांफ्रेंस करे कि उससे सौरभ को जान का खतरा नहीं बल्कि वो सुरक्षा मुहैया करवाएंगे। सरकार से सुरक्षा मिलने के बाद ही सौरभ सबसे सामने आएंगे। सौरभ के वकील ने मोहन सरकार ने सुरक्षा प्रदान करने की माँग की है। उन्होनें सरकार से अनुरोध किया कि, "सुरक्षा प्रदान करने बाद इस मामले में जांच जारी रखें। मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश भी करनी चाहिए। बड़े लोगों पर भी निष्पक्ष रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। कुछ जांच एजेंसियों ने माइंड सेटअप ही बना लिया कि आरोपी सौरभ है जबकि इसमें राजनीतिक और ब्यूरोक्रेट्स जुड़े है।"

## मप्र के 335 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन खेलों में मध्यप्रदेश के 335 खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। युवा और खेल कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड में 28 जनवरी से आयोजित राष्ट्रीय खेल में 335 खिलाड़ी और करीब 100 सपोर्ट स्टाफ हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय खेलों में कुल 35 खेल आयोजित किये जाएंगे जिसमें से 26 खेलों में मप्र ने योग्यता प्राप्त की है। इनमें एथलेटिक्स तीरंदाजी बास्केटबॉल, योग, रोइंग, कयाकिंग, कैनोइंग, स्वालम, योगा, मलखंभ बॉक्सिंग, कुश्ती, ताहांडी ट्रायथलॉन, बुनु मॉडर्नायलॉन, मकैन, जिमनास्टिक्स, हॉकी शामिल है।

## खजुराहो एयरपोर्ट बना मध्यप्रदेश का गौरव

**खजुराहो।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की ओर से गुरुवार को जारी ताजा ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में खजुराहो हवाई अड्डे ने शानदार प्रदर्शन किया है। देश के 63 हवाई अड्डों में खजुराहो को आठवां स्थान मिला है, जबकि मध्य प्रदेश में यह पहले स्थान पर है। यह सर्वेक्षण यात्रियों के अनुभवों और उनकी संतुष्टि पर आधारित था, जिसमें खजुराहो एयरपोर्ट ने सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि न केवल एयरपोर्ट के लिए बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के लिए गर्व की बात है। सर्वेक्षण में 22 महत्वपूर्ण मानकों पर एयरपोर्ट का मूल्यांकन किया गया। इनमें यात्री सुविधाएं, परिवहन व्यवस्था, पार्किंग, ट्रॉली उपलब्धता, कतार प्रबंधन, स्टाफ का व्यवहार और दक्षता, सुरक्षा जांच, फ्लाइट जानकारी, खान-पान सेवाएं और बैंकिंग सुविधाएं शामिल थीं।

# 'नागिन' ने किए बाबा महाकाल के दर्शन, भस्म आरती में हुईं शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। टीवी की नागिन और अभिनेत्री मौनी रॉय शनिवार सुबह विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचीं। वे सपरिवार बाबा महाकाल की आरती में शामिल हुईं। इसे लेकर मौनी रॉय ने कहा कि बाबा महाकाल की भस्म आरती देखकर जो अनुभव हुआ है, उसे वे कभी नहीं भूल सकती।**



जानकारी के अनुसार अभिनेत्री मौनी रॉय शनिवार को बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। उन्होंने लगभग 2 घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। इसके बाद चांदी द्वार पर पहुंचकर बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन और जलाभिषेक किया। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। यह पूजन-अर्चन महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित यश गुरु के द्वारा संपन्न करवाया गया। पूजन के बाद मौनी रॉय और उनके परिवार को बाबा महाकाल का दुपट्टा और प्रसाद भी भेंट किया गया।

बाबा महाकाल के दर्शन और भस्म आरती देखने के बाद मौनी रॉय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, आज मैं धन्य हो गई। काफी समय से यह मन था कि बाबा महाकाल के दर्शन करने आऊं और यहां पूजन करूं। आज मैंने बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन करने के साथ ही जो आरती देखी है, उसे मैं जीवन में कभी नहीं भूल सकती। मैंने कभी नहीं सोचा था कि बाबा महाकाल की भस्म आरती मुझे इस तरह से देखने का मौका मिलेगा।

# राख से भरा ट्रक डिवाइडर से टकराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मनावर।** मनावर स्थित टोंकी फाटा एक बार फिर चर्चा में है। मनावर-खलघाट स्टेट हाईवे 38 पर करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से किए गए चौड़ीकरण के बावजूद हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को एक और हादसा हो गया, जब खंडवा के मुंदी तापगृह से राख लेकर जा रहा एक ट्रक (MP 10 ZE 9027) तेज गति और लापरवाह ड्राइविंग के चलते टोंकी फाटे पर बने सीमेंट डिवाइडर से टकरा गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। इस मार्ग की स्थिति चिंताजनक है। 40 किलोमीटर लंबी इस सड़क की चौड़ाई मात्र 7 मीटर है, जो दो बड़े वाहनों के आवागमन और ओवरटेकिंग के लिए अपर्याप्त है। क्षेत्र में दो बड़े सीमेंट उद्योग होने के कारण प्रतिदिन गुजरात और महाराष्ट्र की ओर लगभग 500 भारी वाहनों का आवागमन होता है। इसके अलावा करीब 100 यात्री बसें और अनगिनत छोटे वाहन भी इस



मार्ग का उपयोग करते हैं।nजयस के राष्ट्रीय संरक्षक और विधायक डॉ. हीरालाल पांच वर्षों से मनावर-खलघाट-धार रोड को फोरलेन बनाने और मनावर बाइपास के निर्माण की मांग कर रहे हैं। मनावर यातायात प्रभारी बंशीलाल कन्नौजे ने बताया कि वे नियमित रूप से तीनों मार्गों पर वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई कर रहे हैं और आगे नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

## संपादकीय

### कांग्रेस का जोर संगठन की मजबूती पर

मकर संक्रांति के बाद हाल ही में कांग्रेस के नए हेडक्वार्टर का उद्घाटन हुआ। अब नए ऑफिस से कांग्रेस ने संगठन की मजबूती की शुरुआत करने की योजना बनाई है। इसे लेकर पार्टी आगामी 28 जनवरी को दिल्ली में एक अहम बैठक करने जा रही है, जिसमें संगठन की मजबूती को लेकर आगामी रोडमैप के चर्चा के साथ-साथ देश भर में निकलने वाली संविधान यात्रा को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। दरअसल, यह संगठन की मजबूती लिए संगठन सृजन व संविधान यात्रा निकाले जाने का फैसला पिछले महीने बेलगावी में हुई कांग्रेस वर्किंग कमिटि की बैठक में लिया गया था। जिसमें तय किया गया था कि पार्टी जहां एक ओर संगठन की मजबूती के लिए जुटेगी तो वहीं देश भर में संविधान को लेकर यात्रा निकालेगी, जिसमें वह जमीन पर संविधान की रक्षा की अलख जगाएगी। सूत्रों के मुताबिक, यह अहम बैठक आगामी 28 जनवरी को कोटला रोड स्थित इंदिरा गांधी भवन में होगी, जो सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक चलेगी। इसमें कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ पूरे देश से कांग्रेस प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री जुटेंगे। कांग्रेस ने तय किया है कि वह अपने संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर से लेकर प्रदेश इकाई संगठन में फेरबदल करेगी और खाली पदों को भरेगी। दरअसल, हरियाणा और महाराष्ट्र के नतीजों और इंडिया गठबंधन में घटक दलों के बदले तेवर और सुरों के बाद कांग्रेस समझ रही है कि जीतने के लिए जमीनी पकड़ बनाना जरूरी है और बिना मजबूत संगठन के यह काम नहीं हो सकता। इसलिए कांग्रेस का अब खासा जोर संगठन की मजबूती पर है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जहां एक ओर अलग-अलग राज्यों में संगठन सृजन की कवायद तेज होगी तो वहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी फेरबदल होगा। दूसरी ओर कांग्रेस जातिगत जनगणना की बात कर एससी, एसटी, ओबीसी व माइनॉरिटी की ओर देख रही है। वहीं इन तबकों को लक्षित कर वह संविधान की बात भी कर रही है। कांग्रेस लगातार मोदी सरकार व बीजेपी पर आरोप लगा रही है कि आज देश में संवैधानिक संस्थाओं पर सत्तारूढ दल का नियंत्रण है। हाल ही राहुल गांधी से लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तक इसका जिक्र कर चुके हैं।

# मित्र-द्रोह का फल



बहुत साल पहले हिम्मत नाम के नगर में दो पक्के दोस्त धर्मबुद्धि और पापबुद्धि रहा करते थे। एक दिन पापबुद्धि के मन में ख्याल आया कि क्यों न दूसरे नगर जाकर कुछ पैसा कमाया जाए। इतना सोचते-सोचते पापबुद्धि के मन में हुआ कि वो धर्मबुद्धि को भी साथ लेकर जाएगा, जिससे दोनों खूब सारा पैसा कमाएंगे और फिर लौटते समय वो धर्मबुद्धि से उसका पैसा किसी तरह से हड़प लेगा। अपनी चाल को पूरा करने के लिए उसने धर्मबुद्धि को दूसरे शहर जाने के लिए मना लिया।

दोनों अपने नगर से खूब सारा सामान लेकर दूसरे शहर पहुंच गए। कुछ महीनों तक वहीं रहकर धर्मबुद्धि और पापबुद्धि ने सामान को काफी अच्छी कीमत में बेचा। जब दोनों ने अच्छी-खासी रकम इकट्ठा कर ली, तो दोनों एक दिन अपने नगर की ओर लौटने लगे। पापबुद्धि अपने दोस्त धर्मबुद्धि को जंगल के रास्ते से लेकर आया। रास्ते पर चलते-चलते पापबुद्धि ने धर्मबुद्धि से कहा, "मित्र देखो, अगर हम अपने नगर इतना सारा धन लेकर जाते हैं, तो समस्या हो सकती है। चोर इसे चुरा सकते हैं, लोग हमसे जलन का भाव रखने लगेंगे और कुछ उधार भी मांग लेंगे। ऐसे में बेहतर होगा कि हम आधा धन इसी जंगल में छिपा देते हैं।

धर्मबुद्धि ने पापबुद्धि की बातों पर यकीन करके धन को छुपाने के लिए हां कर दी। पापबुद्धि ने गड्ढा खोदकर धन को जंगल में एक पेड़ के पास छिपा दिया। फिर कुछ दिनों बाद बिना अपने दोस्त को बताए, पापबुद्धि मौका देखकर अकेले सारा धन उस जंगल से लेकर आ गया। समय बीतता गया और एक दिन धर्मबुद्धि को पैसे की जरूरत पड़ी। तो धर्मबुद्धि सीधे अपने मित्र पापबुद्धि के पास गया और कहने लगा, "मुझे पैसों की जरूरत है, जंगल से पैसे निकालकर ले आते हैं।"

पापबुद्धि राजी हो गया और दोनों जंगल की ओर निकल गए। जैसे ही धर्मबुद्धि ने गड्ढा खोदा, तो वहां पैसा न देखकर चौंक गया। इतने में ही पापबुद्धि ने शोर मचाना शुरू कर दिया और धर्मबुद्धि पर चोरी का आरोप लगाया। हो-हल्ला होने के बाद पापबुद्धि न्यायालय पहुंचा।


न्यायाधीश ने सारा मामला सुना तो सच्चाई का पता लगाने के लिए अपनी दिव्य शक्ति से परीक्षा लेने का निर्णय लिया। इसके बाद न्यायाधीश ने दोनों को आग में हाथ डालने का आदेश दिया। चतुर पापबुद्धि ने कहा, "अग्नि में हाथ डालने की कोई जरूरत नहीं है, खुद वन देव मेरी सच्चाई की गवाही देंगे।" न्यायाधीश ने उसकी बात मान ली।

धूर्त पापबुद्धि पास के ही एक सूखे पेड़ में छिप गया। जैसे ही न्यायाधीश ने वन देवता से पूछा कि आखिर धन की चोरी किसने की तो जंगल से आवाज आई, "धर्मबुद्धि ने चोरी की है।" इतना सुनते ही धर्मबुद्धि ने जिस पेड़ की तरफ से आवाज आई, उसी पेड़ को आग के हवाले कर दिया। आग लगते ही पेड़ से चिल्लाते हुए पापबुद्धि बाहर निकला और झुलसी हालात में सारा सच बयां कर दिया। सच्चाई का पता चलते ही न्यायाशीध ने पापबुद्धि को फांसी की सजा सुना दी और धर्मबुद्धि को उसके पैसे दिलवा दिए।

**कहानी से सीख**

दूसरे के लिए बुरा सोचने वाले के साथ बुरा ही होता है।

## रंग भरो



New Delhi

# सावधान! ठंड में अभी और होगी बारिश, दिल्ली से लेकर हिमाचल तक अलर्ट, मौसम विभाग की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत के कई हिस्सों में ठंड का प्रकोप जारी है। दिल्ली-एनसीआर समेत अलग-अलग इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर राज्यों में सुबह घना कोहरा छाया हुआ है। बारिश ने ठंड के दिनों में लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। राजधानी दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 10.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, शनिवार को बादल छाए रहने की संभावना है। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी भी हो सकती है। अधिकतम तापमान 16.99 सेल्सियस रहने की



उम्मीद है। दिल्ली में कल का न्यूनतम तापमान 13.53 सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 23.54 सेल्सियस रहा। रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 23.54 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.53 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

उत्तर भारत के कई हिस्सों में ठंड का प्रकोप जारी है। दिल्ली-एनसीआर समेत अलग-अलग इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर राज्यों में सुबह घना कोहरा छाया हुआ है। बारिश ने ठंड के दिनों में लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। राजधानी दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 10.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

Rajasthan

## राजस्थान में प्राइमरी स्कूल के बाद अब 160 सेकेंडरी स्कूल किए गए बंद

### पिछले 10 दिनों में 400 से ज्यादा स्कूलों पर लगे ताले




**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान में प्राइमरी स्कूलों के बाद अब 160 सेकेंडरी स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है. भजनलाल सरकार ने पिछले 10 दिनों में 190 प्राइमरी स्कूल और 260 सेकेंडरी स्कूल समेत 450 सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया है. माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने प्रदेशभर में 260 सरकारी स्कूल बंद होने का आदेश निकाला था, हालांकि अंग्रेजी मीडियम के महात्मा गांधी स्कूल बंद नहीं किए गए हैं. जानकारी के अनुसार, बंद होने वाले सभी स्कूल हिंदी मीडियम के हैं.

इन स्कूलों में से बीकानेर में बीजेपी विधायक अंशुमन सिंह भाटी के घर के पास स्थित एक गर्ल्स स्कूल को भी बंद कर दिया गया है. यह स्कूल एक ही परिसर में दो स्कूलों का संचालन कर रहा था, जिसे बंद करके बॉयज स्कूल में मर्ज कर दिया गया है. इस फैसले के विरोध में स्थानीय लोगों ने आवाज उठाई है, क्योंकि इस स्कूल में करीब 300 छात्राएं पढ़ाई कर रही थीं.

बंद किए गए 260 स्कूलों में से 14 स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भी हैं. इन स्कूलों में बच्चों का नामांकन बिल्कुल कम था, लिहाजा इन स्कूलों को बंद कर पास के दूसरे स्कूल में मर्ज कर दिया गया है. इनमें जयपुर, अजमेर, पाली, ब्यावर, बीकानेर, हनुमानगढ़, उदयपुर और जोधपुर के स्कूल शामिल हैं.

Uttarakhand

## ठंड से बचने के लिए कपल ने जलाई आग और कमरा बंद कर सो गए, सुबह मिली दोनों की लाश

**टिहरी, (एजेंसी)** उत्तराखंड के टिहरी जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां ठंड से बचने के लिए कपल ने अंगीठी जलाई और कमरे में रखकर सो गए. इससे दम घुटने से दोनों की मौत हो गई. सुबह जब परिजन जगाने पहुंचे तो गेट नहीं खुला. इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि दोनों की मौत हो चुकी है. इस घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई. परिजनों ने दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया. एजेंसी के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात को भिलंगना क्षेत्र के द्वारी-थापला गांव में हुई. द्वारी-थापला गांव की प्रशासक रिंकी देवी ने बताया कि 52 साल के मदन मोहन सेमवाल और उनकी पत्नी 48 वर्षीय यशोदा देवी एक शादी समारोह में शामिल होने गांव आए थे. उन्होंने रात में करीब 11 बजे ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाई और उसे अपने कमरे के अंदर ले गए. मदन मोहन सेमवाल कमरे का दरवाजा बंद करके सो गए. इसके बाद शुक्रवार की सुबह उनका बेटा उन्हें जगाने गया, लेकिन किसी ने दरवाजा नहीं खोला. काफी देर तक आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला.

Punjab

## आतंकी हमले की साजिश: ग्रेनेड से उड़ाया जाएगा चंडीगढ़ सेक्टर 39 थाना! IB ने आतंकियों की कॉल इंटरसेप्ट की

**चंडीगढ़, (एजेंसी) पंजाब में लगातार हो रहे पुलिस थानों पर हमले के बाद चंडीगढ़ सेक्टर 39 के थाने को ग्रेनेड से उड़ाने की साजिश रची जा रही है। इस अहम खुफिया जानकारी का खुलासा आईबी ने एक इंटरनेशनल कॉल को इंटरसेप्ट कर किया है।**

इस हमले की योजना विदेश में बैठा बब्बर खालसा का कुख्यात आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया बना रहा है। सूत्रों के मुताबिक कॉल पर ग्रेनेड हमले की योजना की बातें सुनी गई। इसमें बात चल रही थी कि सेक्टर-39 थाने की रेकी हो चुकी है, जल्द ही काम कर देंगे। थाने पर रात दो बजे के आसपास के हमले की बात चल रही थी। इस कॉल को आईबी ने इंटरसेप्ट कर चंडीगढ़ पुलिस के साथ इनपुट को साझा किया।

दिल्ली से मिले इनपुट के बाद खुफियां एजेंसियों को अलर्ट करने के साथ सेक्टर-39 थाने



की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। थाने के बाहर 24 घंटे नाके लगाकर संदिग्धों पर निगरानी रखी जा रही है। थाने के बाहरी दीवारों पर सोलर कैमरे लगा दिए गए हैं ताकि बिजली जाने पर हर गतिविधि पर नजर रहे। थाने के गेट पर एसएलआर और बुलेट प्रूफ जैकेट के साथ संतरी तैनात हैं। हालांकि, शहर के कुछ अन्य थानों के बाहर भी रात के समय नाके लग रहे हैं।

खेल

# मनु भाकर-गुकेश सहित चार को मिला खेल रत्न, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए खेल पुरस्कार

**नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में खेल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे।**

खेल मंत्रालय द्वारा जनवरी के शुरुआती सप्ताह में खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की गई थी और राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह



हरमनप्रीत सिंह मनु भाकर प्रवीण कुमार डी गुकेश

और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया।

### मनु-हरमनप्रीत ने ओलंपिक, गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप में किया प्रभावित

22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

### 34 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन पुरस्कार

खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल हैं।

सिनेमा

## 'धरतीपुत्र नंदिनी' फेम अमन जायसवाल की रोड एक्सीडेंट में हुई मौत, ऑडिशन देने जा रहा था एक्टर



टीवी इंडस्ट्री से दुखद खबर सामने आ रही है. 'धरतीपुत्र नंदिनी' फेम अमन जायसवाल की एक्सीडेंट में मौत हो गई है. वो सिर्फ 22 साल के थे. राइटर धीरज मिश्रा ने इंडिया टुडे डिजिटल को न्यूज कन्फर्म की है. धीरज ने कहा- अमन ऑडिशन देने के लिए जा रहे थे. जोगेश्वरी हाइवे पर उनकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई. अमन जायसवाल, बलिया उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे. 'धरतीपुत्र नंदिनी' में अमन लीड रोल प्ले करते नजर आ रहे थे. इसके अलावा सोनी टीवी के शो 'Punyashlok Ahilyabai' में भी अमन, यशवंत राव का किरदार अदा करते दिखे थे. ये शो साल 2021 जनवरी में शुरू हुआ था और साल 2023 अक्टूबर में खत्म हुआ. अमन ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी. ये रवि दुबे और सरगुन मेहता के शो 'उड़ारियां' का भी हिस्सा रह चुके थे. अमन के जाने से 'धरतीपुत्र नंदिनी' की पूरी टीम सदमे में है. हर कोई उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहा है. पूरी टीम को धक्का लगा है. हालांकि, अमन के परिवार की ओर से अबतक कोई स्टेटमेंट नहीं आया है. अमन को बाइक चलाने का बहुत शौक था. वो कहीं भी जाते थे तो बाइक से ही जाना प्रिफर करते थे.

## Highlights

1. Quad Foreign Ministers likely to meet day after Trump inauguration
2. Trains & flights delayed as fog reduces visibility in Delhi-NCR
3. Suicide abetment charges mustn't be invoked to comfort family: SC
4. 7 dead, hundreds injured in jallikattu, manjuvirattu events in TN

# Elon Musk received invitation to Mahakumbh Mela?

### Amish Tripathi reveals in X post after meeting world's richest man

**NEW DEIHI, (Agency).** Former diplomat and author Amish Tripathi, known for his fictional books on Indian mythology and mythological characters, recently met Elon Musk at SpaceX. He was part of a delegation of prominent Indians in an event led by the UK-headquartered policy and events platform India Global Forum (IGF).

After the meeting, Tripathi shared an X post along with a photo. "An invigorating hour spent with none other than Elon Musk, in an exclusive event organised by Manoj Ladwa. We discussed a range of topics from spirituality, consciousness, interplanetary travel, monetary policy, engineering amongst others. And an invitation to the Maha Kumbh



Mela! Hope he can make it!!" the author wrote. Manoj Ladwa is the founder and chairman of the India Global Forum.

The photo Tripathi shared shows Elon Musk posing with the Indian delegation, including Ritesh Agarwal, Aryaman Birla, Jay Kotak, and others.

What did social media say?

"That's amazing," posted an X user. Another added, "How beautiful is this Amish ji. I hope these kinds of events happen more often." A third expressed, "One of the best things I have seen on my feed in recent days!" A fourth wrote, "Fantastic!!! Looks like it was a great thought provoking event!"

# How much is TikTok worth? Can someone buy it in US?

**NEW DEIHI, (Agency).** The popular content creating platform TikTok might be banned on January 19 under a US Federal law that forces such mediums to stir away from China-based parent company ByteDance, or shut down its operations in the States.

The United States Supreme Court on Friday upheld the law banning TikTok due to concerns over national security amid Chinese ownership of the video-sharing platform.

It is most likely that an American ownership is the key card to saving the app, preventing millions of US citizens from getting barred from using the app. However,




TikTok's parent company ByteDance has repeatedly said that it is not planning to selling the platform.

How much is TikTok worth?

Experts and analysts have valued the video-sharing/ content-creating platform somewhere between $100-200 billion. Wedbush analyst Dan Ives estimated that the app is worth "well north of $100 billion" and with its secret algorithm, the value might potentially rise up to $200 billion in a "best case scenario".

However, experts have also noted that it is highly unlikely of the Chinese government to approve a sale that includes the coveted algorithm as well.

"Without the algorithm it's $40 billion to $50 billion," Ives was quoted as saying by The Associated Press. He expressed that he does not believe that ByteDance and China would sell TikTok with the algorithm.

Attorneys for the Chinese-owned application have claimed that it is impossible to divest the platform commercially and technologically.

They further said that any sale of TikTok without its secret sauce, that Chinese authorities would probably block in case of any divestiture plan, would make the US version of the app into an island disconnected from global content.

Notably, US officials have warned that the proprietary algorithm of TikTok might be vulnerable to manipulation at the hands of Chinese authorities, who can use it to modify the content on the platform in a way that would be difficult to detect.

# दवा कंपनी में अकाउंटेंट का काम करने वाले कपिल रघुवंशी को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

◆ पूर्व में मालिक ने पकड़ी थी अकाउंटेंट की गड़बड़ी, फिर किया विश्वासघात



इंदौर। इंदौर की दवा कंपनी में अकाउंटेंट का काम करने वाले कपिल रघुवंशी को क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया। इस मामले में उसकी भाभी सोनाली भी आरोपी है। अभी क्राइम ब्रांच उसकी तलाश कर रही है। इधर, जानकारी मिली है कि जिस कंपनी में कपिल ने माल की हेराफेरी की। उसमें चचेरा भाई भी मालिक है। इसे लेकर क्राइम ब्रांच जांच के बाद उसे आरोपी बना सकती है। कपिल की चोरी मालिक ने चार साल पहले ही पकड़ ली थी लेकिन उसने पत्नी के साथ आकर माफी मांगी ओर कहा कि वह सभी अकांउट को क्लियर कर देगा। जो भी गड़बड़ी है उसे ठीक कर देगा। इसके बाद भी उसने विश्वासघात किया।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने कपिल रघुवंशी से पूछताछ की। जिसमें पता चला कि मालिक राजेश ने उसकी 2020 में चोरी पकड़ ली थी। जब कंपनी के अकाउंट में गड़बड़ी मिली थी। लेकिन, कपिल अपनी पत्नी माधुरी को लेकर राजेश के पास पहुंचा ओर कहा कि उसे एक और मौका दिया जाए। वह सभी चीजों में सुधार कर लेगा। राजेश ने उस पर विश्वास किया। कपिल ने इसके बाद तेजी से कंपनी से माल उठाकर अपनी भाभी सोनाली की फर्म त्रिमूर्ति ट्रेडर्स में डाल दी। जिसमें उसे तेजी से मार्केट में खपाकर रुपए उठाए गए।

राजेश के बेटे की 2019 में तबीयत खराब हो गई। उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके चलते उन्हें मुंबई और बेंगलोर में उपचार कराने जाना पड़ा। जिसमें वह अपनी कंपनी पर ध्यान नहीं दे पाए। दो साल में कपिल ने काफी कुछ बदल दिया था। जिस कंपनी में कपिल ने माल भेजा। उसमें उसका चचेरा भाई सचिन के नाम से है। लेकिन उसका पूरा काम सोनाली वर्तमान में देख रही है।

कपिल ने फर्जीवाड़े के लिए बैंक में दो अकाउंट खुलवाए। एक में वह पेमेंट लेता ओर उसकी इंट्री करते होने के बाद उसे दूसरे अकाउंट में डालकर निकाल लेता। वही बोगस इंट्री कंपनी में दिखाता। उसने इस दौरान कई फर्जी चेक और डाटा एंट्री दर्शाई थी।

## छात्र ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजाद नगर में रहने वाले 19 वर्षीय छात्र कृष यादव ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार शाम की है, जब पिता संजय यादव अपने दोस्त के साथ घर लौटे और बेटे को आवाज दी। दरवाजा नहीं खोलने पर उन्होंने खिड़की से झांककर देखा, तो कृष फंदे पर लटका हुआ था। परिवार के मुताबिक, कृष 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था और उसके माता-पिता दोनों निजी स्कूलों में काम करते हैं। स्कूल से छुट्टी होने के बाद उसकी मां और बहन रिश्तेदार के यहां पूजा के कार्यक्रम में गई थीं। शाम को संजय ने पत्नी को कॉल करके बेटे की मौत की सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, सुबह कृष सामान्य था और वह अपने परिवार से दोपहर में भी अच्छे से बात कर रहा था। कृष ने मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया था। फिलहाल, पुलिस को घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया और शुक्रवार पोस्टमॉर्टम कराया।

# इंदौर में डॉक्टर के शूटर का यूपी में सरेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में 27 दिसंबर की रात, अचानक डायल 100 पर कॉल आती है। सूचना मिलने पर द्वारकापुरी थाने की एफआरवी (फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल) मौके पर भेजी जाती है। पता चलता है कि किसी ने डॉक्टर सुनील साहू को गोली मार दी है। उनका कुंदन नगर स्थित जीवनधारा क्लिनिक पर हमला हुआ है।**



डॉ. सुनील साहू

जब एफआरवी मौके पर पहुंचती है, तो पता चलता है कि घटनास्थल अब राजेंद्र नगर इलाके के अंतर्गत आ गया है। इसके बाद राजेंद्र नगर टीआई नीरज बिरथरे को सूचना दी जाती है। टीआई बिरथरे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचते हैं और मामले की तफ्तीश शुरू कर देते हैं।

इसके बाद हत्यारों को पकड़ने का सिलसिला शुरू होती है। पुलिस को पहला और अहम सुराग डॉक्टर की पत्नी सोनाली की कॉल डिटेल और एक संदिग्ध कार से मिलती है। इन सुरागों के आधार पर पुलिस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच जाती है।

राजेन्द्र नगर के कुंदन नगर में डॉक्टर सुनील साहू हत्याकांड के सभी आरोपी अब सलाखों के पीछे हैं। मुख्य आरोपी शूटर हुल्ला उर्फ हुल्लन ने भी उत्तर प्रदेश में एक पुराने प्रकरण में सरेंडर कर दिया। उसे वहां से जेल भेजा गया है।

पुलिस उसे जल्द प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आएगी। इधर सुनील साहू की पत्नी सोनाली, मुख्य साजिशकर्ता वकील संतोष शर्मा और उसका साथ देने वाला वकील मनोज सुमन, वेटनरी डॉक्टर प्रकाश यादव निवासी देवकी नगर (अलीगढ़), संग्रामसिंह ठाकुर निवासी देवकी नगर सभी जेल में है।

पुलिस ने जब इस मामले की जांच बढ़ाई तो डॉक्टर सुनील की पत्नी सोनाली के मोबाइल ने कई कड़ी खोली। वकील संतोष शर्मा के साथ इतनी कॉल डिटेल मिलने के बाद पुलिस का शक गहराया और उन्होंने मामले में सबसे पहले पत्नी को ही हिरासत में लेकर पूछताछ करने का मन बनाया।

जिसमें एसीपी रूबीना मिजवानी ने कमान संभाली और उनकी मनोवैज्ञानिक तरीके ने पूरे हत्याकांड के रहस्य से पर्दा उठा दिया।

# शराब दुकान पर चाकू लहराने वाले पकड़ाए, आरोपियों का निकाला जुलूस



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूड़िया में बदमाशों ने जहां रौब दिखाने के लिए चाकू लहराए थे। वहीं पुलिस ने कान पकड़कर उनका जुलूस निकाला। बदमाशों की पहचान सीसीटीवी कैमरों से हुई थी। इसके बाद आरोपियों की धरपकड़ की गई।**

टीआई तारेश सोनी की टीम ने पचवंटी स्थित वाइन शॉप पर चाकू लहराने के मामले में सनी उर्फ सन्नी पुत्र भूरेलाल राठौर नर्सरी कॉलोनी डाबली, विकास पुत्र बाचू पवार निवासी सिंगापुर टाउनशिप हर्ष उर्फ आशुतोष पुत्र दिनेश त्रिपाठी निवासी प्रभु नगर राजेंद्र नगर, आकाश पुत्र प्रभु मालवीय निवासी स्वामी विवेकानंद नगर डाबली और सूरज पुत्र प्रभु चौहान निवासी डाबली इंदौर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गुरुवार रात यहां भय दिखाने के लिए शराब दुकान के बाहर चाकू लहराते हुए धमकी दी थी। टीआई तारेश सोनी की टीम आरोपियों को पकड़ने के बाद उसी शराब दुकान पर गुंडों को लेकर पहुंची और उनसे उठक बैठक लगवाई। यहां शराब दुकान पर बैठे कर्मचारियों के आरोपियों ने पैर भी छुए। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपियों पर आर्म्स एक्ट ओर अन्य धाराओं में कार्रवाई की है। सभी के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे है।

# सड़क किनारे गिरकर ऑटो ड्रायवर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एबी रोड पर शुक्रवार सुबह एक ऑटो ड्रायवर को चलती गाड़ी में साइलेंट अटैक आ गया। उन्होंने ऑटो को रोकने की कोशिश की, जिससे वह सड़क किनारे रुक गई और ड्रायवर गणेश सोलंकी (41) ऑटो की ड्रायवर सीट से बाहर गिर गए। आसपास के लोगों ने उन्हें एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेन्द्र नगर पुलिस के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 9:30 बजे आईपीएस कॉलेज के पास हुई। गणेश, जो न्यू दुर्गानगर बाणगंगा के निवासी थे, ऑटो रिक्शा लेकर जा रहे थे जब उन्हें अटैक आ गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को मौके पर बुलाया और अस्पताल भेजा। गणेश का परिवार सूचना पर एमवाय अस्पताल पहुंचा। उनके साले सुमित ने बताया कि गणेश सुबह 7 बजे घर से ऑटो लेकर निकले थे और आम तौर पर दोपहर तक घर लौटते थे। एम्बुलेंस स्टाफ ने उनके मोबाइल से कॉल कर घटना की जानकारी दी। गणेश के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, और आसपास के लोगों ने बताया कि गणेश ऑटो की आगे की सीट से गिर गए थे।


## सावधान... सावधान... सावधान....

मैं राजेश सेन पिता श्री दिलीप सेन, निवासी- 1746, फिनिक्स टाउनशीप, इंदौर जिसकी शॉप (दुकान) प्रथम हेयर स्टाईल, ओमेक्स सिटी-1, इंदौर है। मेरी शॉप पर सागर सेन पिता श्री शंकरलाल सेन कार्य करता था। 7-8 माह पूर्व मैंने शॉप से इसकी अनियमितताओं के कारण हटा दिया है। सागर सेन ने अपनी स्वयं की वंश हेयर कटिंग सेलून के नाम से शॉप ओमेक्स सिटी-1, इंदौर में खोल ली है। सागर सेन का मेरे से कोई लेना-देना नहीं है न ही मेरा कोई संबंध है। उक्त व्यक्ति से किसी भी प्रकार के लेनदेन के लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगा।

यह सूचित होवे।

**राजेश सेन**
**1746, फिनिक्स टाउनशीप, इंदौर, मो. 9993055924**


# ड्रग डिलीवरी के लिए राजस्थान से इंदौर आए तस्कर को पुलिस ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ाए आरोपियों में से एक राजस्थान के प्रतापगढ़ का रहने वाला है। जबकि दूसरा इंदौर के सदर बाजार इलाके का रहने वाला है। प्रतापगढ़ का आरोपी इंदौर में ड्रग की डिलीवरी देने आया था, लेकिन क्राइम ब्रांच टीम ने उसे पहचान कर पकड़ लिया। फिलहाल, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उनके पास से लगभग 64 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई है।

क्राइम ब्रांच टीम ने विशाल पुत्र दशरथ राव, निवासी प्रतापगढ़, राजस्थान और राजिक उर्फ सद्दाम पुत्र मोहम्मद सईद, निवासी जूना रिसाला, इंदौर को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली थी कि विशाल राव इंदौर में ड्रग की डिलीवरी देने आया है। इसके बाद घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग बरामद हुई। पूछताछ में विशाल ने बताया कि, वह यह ड्रग राजिक को डिलीवरी करने वाला था। पुलिस ने आरोपियों के पास से राजस्थान और इंदौर पासिंग की दो बाइक भी जब्त की है। खजराना पुलिस ने 164 ग्राम से ज्यादा चरस बरामद की है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक